DT
सिर्फ सच
दीनार टाइम्स
भारत के नाम
Price ₹2/-
कानपुर, सोमवार, 18 नवंबर 2024 E-Edition
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित



PHOTO : अधीर सिंह 'लल्ला'

# रविकिशन ने भरा जोश, कहा अबकी बार सिर्फ सुरेश अवस्थी

डीटीएनएन । अंजनी निगम

कानपुर। गोरखपुर से भाजपा के सांसद, फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने अभिनेता और गायक रविकिशन ने उप चुनाव में प्रचार के अंतिम दिन जहां कार्यकर्ताओं में जोश भर कर कहा कि अब सिर्फ दो दिन की मेहनत रह गयी है, इस बार जी जान लगाकर सीसामऊ से भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी को विजयी बना कर लखनऊ विधानसभा भेजना है वहीं उन्होंने रोड शो में कभी हाथ लहरा कर तो कभी विक्ट्री का निशान वी बना कर जनता से वोट मांगे.

सांसद ने ब्रजेन्द्र स्वरूप पार्क में पहुंच कर रविकिशन ने सबसे पहले उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि मैं गोरखपुर से सिर्फ आप लोगों से अपील करने आया हूं, आप लोग वादा करें कि इस बार सीसामऊ की सीट जिसे भाजपा कई बार से हार रही है, यहां पर कमल का फूल खिलाना है. उन्होंने भाषण का समापन बंटोगे तो कटोगे और एक रहोगे तो सेफ रहोगे का नारा लगवा कर किया.

इसके बाद पहले से सजे रथ पर रविकिशन सवार हो गए तो उनके साथ सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेन्द्र मैथानी, नीलिमा कटियार, महेश त्रिवेदी, पूनम संखवार, जय किशन जैकी, जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल आदि रहे. इन नेताओं के वाहन के आगे एक खुली जीप में प्रदेश महासचिव अनूप गुप्ता और कानपुर के हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी चलते रहे. दोनों वाहनों के पीछे सैकड़ों की संख्या में दो पहिया वाहनों पर कार्यकर्ता भाजपा का झंडा लगाकर निकले और रास्ते में नारे भी लगाते रहे कि अबकी बारी सुरेश अवस्थी. वाहन जुलूस में मंडल अध्यक्ष करन यादव, अभिमन्यु सक्सेना, गौरव पांडेय, श्री कृष्ण दीक्षित बड़े, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज सिंह, पूनम कपूर, रंजीता पाठक, लक्ष्मी कोरी, प्रमोद बार्डर, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग सक्सेना आदि प्रमुख रूप से रहे. जुलूस ब्रजेन्द्र स्वरूप पार्क में स्टेडियम से शुरु होकर ग्वालटोली चौराहा, चुन्नीगंज, बकरमंडी ढाल, रामबाग, जवाहर नगर बाला जी चौक, नेहरू नगर, लेनिन पार्क, ज्वाला देवी स्कूल, आनंद बाग, चंद्रिका देवी मंदिर होते हुए रायपुरवा में समाप्त हुआ.

## जीतने के बाद गीत संगीत कार्यक्रम का वादा

भोजपुरी से लेकर बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपने अभिनय और गायन से धाक जमाने वाले सांसद रविकिशन ने लोगों से हाथ जोड़ कर कहा कि अभी तो वे राजनीतिक उद्देश्य से सीसामऊ की जनता से वोट मांगने आए हैं. इन्हें जिता कर आप लोग सीसामऊ से सपा को समाप्त कर दीजिए. सुरेश अवस्थी के विधानसभा सदस्य बनने के बात जीत का जोरदार जश्न मनाया जाएगा जिसमें वह उपस्थित होकर गायन और डॉयलाग के माध्यम से आप सबका मनोरंजन करने आएंगे. उन्होंने कहा कि यह आपसे रविकिशन का वादा है.

DT
सिर्फ सच
# दीनार टाइम्स
भारत के नाम
Price ₹2/-
**कानपुर,** सोमवार, 18 नवंबर 2024 E-Edition उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित

PHOTO CREDIT : रविंद्र सिंह भाटिया लाडी



# भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के पक्ष में सांसद और भोजपुरी फिल्म स्टार रवि किशन ने किया रोड शो

## ग्वालटोली चौराहा पर "जिंदगी झंड बा फिर भी घमंड बा" डायलॉग बोल झुमाया रवि किशन ने....

डीटीएनएन । रवीन्द्र सिंह भाटिया (लाडी)
फिल्म अभिनेता रविकिशन ने ग्वालटोली चौराहा पर खड़ी जनता का हाथ लहरा कर अभिवादन किया, उन्हें बताया गया कि यहां पर पूर्वांचल के लोगों की संख्या अधिक है तो उन्होंने तुरंत ही भोजपुरी अंदाज में डायलॉग 'जिंदगी झंड बा फिर भी घमंड बा' सुनाकर लोगों को झुमा दिया. ये डायलॉग उन्होंने 2008 में एक भोजपुरी फिल्म में सुनाया था. अभी हाल ही में बिग बॉस के सीजन में भी एक कंटेस्टेंट से नाराज होकर उन्होंने क्रोध में यह डायलॉग बोला था. तब फिर से यह डायलॉग ट्रोल होने लगा. इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सुप्रीम कोर्ट के वकील वीरेंद्र दुबे अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ रोड शो में उपस्थित रहे... रोड शो में जबरदस्त भीड़ देखने को मिली...

DT
सिर्फ सच
दीनार टाइम्स
भारत के नाम
Price ₹2/-
कानपुर, सोमवार, 18 नवंबर 2024 E-Edition
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित



PHOTO CREDIT : रविंद्र सिंह भाटिया लाडी



# डिंपल यादव ने किया रोड शो

**डीटीएनएन । कानपुर**
समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने नसीम सोलंकी के पक्ष में रोड शो किया... इस दौरान काफी संख्या में लोग रोड शो में पहुंचे... इस मौके पर उन्होंने कहा कि नसीम सोलंकी की जीत पक्की है... भारतीय जनता पार्टी कुछ भी कर ले लेकिन सपा प्रत्याशी जीतेंगी... इस मौके पर भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे...



www.dtstar.in | Dinar Times | @dinar_times | dinartimesnews | +91 92195 22349 | YouTube Dinar Times

DT

सिर्फ सच

# दीनार टाइम्स

भारत के नाम

Price ₹2/-

कानपुर, सोमवार, 18 नवंबर 2024 E-Edition उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित





# आमजन को शीतलहर से बचाने में जुटी योगी सरकार

## जनपदों को आवंटित किए 20 करोड़...

**डीटीएनएन । लखनऊः** योगी सरकार ने ठंड को देखते हुए प्रदेशवासियों को शीतलहर से बचाने के लिए कंबल और अलावा के लिए विभिन्न जिलों को पहली किस्त जारी कर दी है। योगी सरकार ने करीब 20 करोड़ आर्वंटित करते हुए निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के लोगों को राहत देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जरुरतमंदों को वितरित किये जाने वाले कंबलों की गुणवत्ता उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए। साथ ही सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को निराश्रित व्यक्तियों, शरणार्थियों और प्रभावितों के अस्थायी आवास, भोजन, वस्त्र एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। राहत विभाग ने जिलाधिकारियों को राशि आर्वंटित कर दी है। जिलाधिकारियों द्वारा कंबल और अलाव के लिए टेंडर जारी कर दिया है।

**गाजीपुर, बुलंदशहर, गोरखपुर के लिए सबसे ज्यादा धनराशि आवंटितः** राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के हर कमजोर वर्ग के साथ हमेशा खड़े रहते हैं। योगी सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं भी चलायी जा रही हैं। सरकार कमजोर, असहाय वर्ग के लोगों को आपदा से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ठंड की शुरुआत के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शीतलहरी से निपटने के लिए 351 तहसील को कंबल के लिए पहली किस्त के रूप में 17.55 करोड़ रुपये आर्वंटितक किए गए हैं। वहीं अलाव के लिए एक करोड़ 75 लाख 50 हजार रुपये आर्वंटित किए गए। विभाग ने पहली किस्त के रूप में कुल उन्नीस करोड़ तीस लाख पचास हजार रुपये आर्वंटित किये हैं। इसमें 38 लाख 50 हजार रुपये की सर्वाधिक धनराशि गाजीपुर, बुलंदशहर, गोरखपुर, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के लिए आर्वंटित की गई है। सभी मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को ठंड से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतलहरी से निपटने के लिए जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों, अपर जिलाधिकारियों, उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के लोगों को चिह्नित करने के निर्देश दिये हैं। शीतलहर से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु न हो, यह सुनिश्चित करने को कहा गया है।

- सीएम योगी के निर्देश पर कंबल और अलाव के लिए सभी जिलों को आवंटित की गई धनराशि
- गाजीपुर, बुलंदशहर और गोरखपुर को आवंटित किये 38 लाख 50 हजार
- सीएम ने अस्थायी आवास, भोजन, वस्त्र एवं चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

....

DT दीनार टाइम्स



PHOTO : अधीर सिंह 'लल्ला'



# रवि किशन के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब




डीटीएनएन । कानपुर

भोजपुरी स्टार और सांसद रवि किशन ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के पक्ष में रोड शो किया... रोड शो में जबरदस्त भीड़ उमड़ी... रवि किशन की एक झलक पाने को लोग बेताब दिखे...

# रवि किशन के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब




PHOTO : अधीर सिंह 'लल्ला'









PHOTO : अधीर सिंह 'लल्ला'

# रवि किशन के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब














# अबकी बार सीसामऊ में सुरेश अवस्थी : रवि किशन




डीटीएनएन । कानपुर
भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुरेश अवस्थी के पक्ष में भोजपुरी फिल्म स्टार और सांसद रवि किशन ने रोड शो करके उनको जीताने की अपील की... उन्होंने कहा कि इस बार सुरेश अवस्थी को भारी से भारी वोटो से जितवाकर विधानसभा पहुंचाइये... रवि किशन को देखने के लिए लोग बेताब दिखे.... रोड शो के दौरान कॉमेडियन अन्नू अवस्थी भी मौजूद रहे... उन्होंने भी लोगों का उत्साह बढ़ाया और सुरेश अवस्थी को वोट देने की अपील की....








# अबकी बार सीसामऊ में सुरेश अवस्थी : रवि किशन











# अबकी बार सीसामऊ में सुरेश अवस्थी : रवि किशन












# भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने किया मुख्यमंत्री योगी जी का भव्य स्वागत

डीटीएनएन । कानपुरः भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्री सुरेश अवस्थी जी के समर्थन में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय श्री योगी आदित्यनाथ जी के रामबाग से शुरू होने वाले भव्य रोड शो में हजारों समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से साथ में महेंद्र पांडे, हरि आनंद, रवि सेंगर, सैंडी ठाकुर, प्रदीप गुप्ता, राजकमल , प्रियांशु उपस्थित रहे।






# अपना बूथ सबसे मज़बूत...



डीटीएनएन ।कानपुद्ध
गवर्नमेंट टेक्सटाइल इंस्टीटयूट की बैठक सृष्टी अपार्टमेंट में आयोजित हुयी जिसमें मतदान हेतु बस्ता वितरण का काम सम्पूर्ण हुआ इस योजना में विधायक सुरेंद्र मैथानी जी,विधायक आर पी कुशवाहा जी,जिला महामंत्री राजू शर्मा, दीपक सिंह,अंकित तिवारी, डा नीना अवस्थी, किशन साहू,सुभेन्दू साहू, गौरव मुखर्जी, अर्नव साहू, लखन गुप्ता, स्नेहलता दिक्षित,विस्तारक अनिल जी,तथा विनोद शुक्ल पूर्व जिलाध्यक्ष सेक्टर संयोजक बैठक की योजना को मूर्त रूप दिया अबकी बार सुरेश अवस्थी अपना बूथ सबसे मजबूत...



DT दीनार टाइम्स



PHOTO CREDIT : रविंद्र सिंह भाटिया लाडी





# नसीम सोलंकी के पक्ष में सांसद डिंपल यादव ने किया रोड शो...

रविंद्र सिंह भाटिया, कानपुर

समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी नसीम सोलंकी के पक्ष में जबरदस्त रोड शो किया... इस दौरान उनके साथ कई विधायक और पूर्व मंत्री समेत वरिष्ठ सपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे... रोड शो में जबरदस्त भीड़ उमड़ी... इस दौरान सपा समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला...



PHOTO CREDIT : रविंद्र सिंह भाटिया लाडी



# नसीम सोलंकी के पक्ष में सांसद डिंपल ने किया रोड शो



DT दीनार टाइम्स



PHOTO CREDIT : रविंद्र सिंह भाटिया लाडी



# नसीम सोलंकी के पक्ष में सांसद डिंपल ने किया रोड शो











# पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने गुरुद्वारे में टेका माथा

डीटीएनएन । कानपुर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर शिवपाल सिंह यादव ने जीटी रोड स्थित गुरुद्वारे में माथा टेका... इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि नसीम सोलंकी की जीत जनता की जीत है और जो होकर रहेगी... उन्होंने लोगों से अपील की कि समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी नसीम सोलंकी को भारी मतों से विजई बनाएं... शिवपाल सिंह यादव के साथ उनके सबसे करीबी नेता और समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष चौबे भी मौजूद रहे...

DT STAR
JBP INITIATIVE
डिजिटल दुनिया का डिजिटल न्यूजपेपर
क्यूआर कोड स्कैन करें
और फ्री पाइए डिजिटल कॉपी
www.dtstar.in
हर खबर से रहिए अपडेट
DT दीनार टाइम्स
भारत के नाम सिर्फ सच

DT दीनार टाइम्स





# आग से बचाव के लिए कार्डियोलॉजी में की गई कार्यशाला और मॉकड्रिल

डीटीएनएन । कानपुर

कानपुर के हृदय रोग संस्थान मैं निदेशक डॉ राकेश वर्मा की पहल पर आग से बचाव के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया... इस दौरान एक्सपर्ट ने बताया कि किसी भी अपनी घटना से निपटने के लिए फौरन कैसे तुरंत एक्शन लेना है... जिससे मरीजों को जिंदगी को कोई नुकसान न पहुंचे... कार्यशाला में सभी को ट्रेनिंग दी गई... कानपुर के हृदय रोग संस्थान में आग से बचाव के सभी इंतजाम पुख्ता रूप से हैं... हर वार्ड में फायर सेफ्टी इंतजाम किए गए हैं... इसके अलावा पूरी बिल्डिंग को भी ऐसा बनाया गया है जिससे कि किसी भी प्रकार की अनहोनी पर तुरंत एक्शन लिया जा सके... कानपुर हृदय रोग संस्थान के निदेशक डॉ राकेश वर्मा लगातार सभी को जागरूक करने के लिए कार्य करते रहते हैं... लगातार पूरे संस्थान में निरीक्षण करते रहते हैं जिससे कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके... निदेशक डॉ राकेश शर्मा का कहना है कि संस्थान में आग से बचाव के सभी इंटरनेशनल उपकरण मौजूद हैं जिससे कि किसी भी प्रकार की अनहोनी होने पर तुरंत एक्शन लिया जा सके... इस मौके पर डॉक्टर उमेश्वर पांडेय समेत कई स्टाफ मेंबर्स भी मौजूद रहे....















# PARTY MEIN MASTI...






डीटीएनएन । कानपुर
इनरव्हील क्लब ब्रम्हावर्त की ओर से हैलोवीन पार्टी का आयोजन जुक यार्ड डिस्क में किया गया। जिसमें सभी सदस्य भूतों के परिधान अनुसार तैयार होकर आए इस पार्टी में चार टीम बनाई गई कई प्रकार के मनोरंजक गेम्स खेले गए। जिसमें मॉन्स्टर और वैम्पायर विजयी रही ।कई सदस्य ने रैंप वाक मे भाग लिया। और विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट ड्रेस संगीता जैन व कृति को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन तान्या और रुचि द्वारा किया गया।इस मौके पर उदिता शर्मा जी और माला सिंह का जन्मदिन भी सेलिब्रेट किया गया क्क्ष्ुह्यद्बस्द्रह्ल विशु अरोरा, सचिव सुधा गुप्ता, संगीता अग्रवाल, सीमा , नीलू ,नीना कल्पना ऐश्वर्या, शगुन, आदि मौजूद रहे।







DT दीनार टाइम्स









# वंदे मातरम, भारत माता की जय...

**डीटीएनएन ।कानपुर**

सहकारिता सप्ताह के अन्तर्गत कानपुर महानगर कार्यकारिणी की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर, गोविंद नगर में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे एवं विभाग संयोजक नीरज त्रिपाठी ने भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।आयोजित बैठक में सहकार भारती की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा हुई। प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि सहकार भारती का उद्देश्य विकसित भारत बनाना है, और इसके लिए संगठन को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सहकार भारती हर कार्य में सहयोग करेगी। विभाग संयोजक नीरज त्रिपाठी ने कहा कि सहकारिता के महत्व और सहकार भारती की भूमिका को समझने के लिए यह एक महत्वपूर्ण मंच



है। इस आयोजन से सहकारिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में इसके महत्व को समझने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि सहकारिता सप्ताह 14 नवंबर से 20 नवंबर तक मनाया जाता है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में अरविंद दुबे, नीरज त्रिपाठी, दीपेंद्र सिंह सिंगर, चंद्र प्रकाश अग्निहोत्री, विवेक द्विवेदी, सुमन गुप्ता, गीता त्रिपाठी, और मीनू चौरसिया, विभाग मीडिया प्रमुख जगनायक प्रधान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# कैबिनेट मंत्री का किया स्वागत

डीटीएनएन । कानपुर
उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी जी के कानपुर आगमन पर कानपुर दक्षिण उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अभिषेक पांडे मोनू ने शिष्टाचार भेट की।

# जरा ध्यान दें! कल रहेगा पोलिंग पार्टी की रवानगी के मद्देनजर ट्राफिक डायवर्जन

## सीसामऊ विधान सभा निर्वाचन-2024

प्रमुख संवाददाता/दीनार टाइम्स
कानपुर। सीसामऊ विधानसभा निर्वाचन के मतदान के लिये पोलिंग पार्टी की रवानगी के मद्देनजर ट्राफिक डायवर्जन रहेगा। यातायात पुलिस की विज्ञप्ति के अनुसार ट्राफिक डायवर्जन इस तरह से रहेगा।

- घाटमपुर व नौबस्ता मे कल 19 नवबंर को ट्राफिक डायवर्जन सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक रहेगा।
- समस्त प्रकार के भारी /मध्यम वाहन हमीरपुर से नौबस्ता कानपुर जाने वाले वाहन घाटमपुर से आगे नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन घाटमपुर से चौडगरा(फतेहपुर) होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे। नौबस्ता से हमीरपुर को जाने वाले समस्त प्रकार के भारी एवं मध्यम वाहन नौबस्ता से आगे नहीं जा सकेंगे ।ऐसे वाहन रामादेवी से चौडगरा फतेहपुर ,घाटमपुर अथवा सचेंडी से किसान नगर होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे ।
- डायवर्जन नौबस्ता बंबा व औरियारा- कल 19 नवंबर को प्रात:09 बजे से सांयकाल 06 बजे तक ट्राफिक डायवर्जन किया गया है।
- समस्त प्रकार के छोटे वाहन जिन्हे नौबस्ता से घाटमपुर जाना है नौबस्ता बंबा से आगे नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन वैष्णवी हॉस्पिटल से बायें सर्विस रोड होते हुए सेन पश्चिम पारा चौकी से अपने गंतव्य को जायेंगे अथवा नौबस्ता से बर्रा बाइपास(यादव मार्केट) से बाये मुडकर सागर पुरी मोड या औरियारा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेगे ।
- घाटमपु से नौबस्ता कानपुर को जाने वले समस्त प्रकार के छोटे वाहन औरियारा, न्यूरी मोड़ से आगे नहीं जा सकेंगे ।ऐसे वाहन औरियारा न्यूरी मोड से बायें होते हुए बर्रा बाइपास से होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।



Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT





# डी.ए.वी. कॉलेज में योग प्रशिक्षण का आयोजन

डीटीएनएन । कानपुर
दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज कानपुर की आंतरिक शिकायत समिति की सब कमेटी मिशन शक्ति फेज 5, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा संस्कृत विभाग के योग केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत 18 नवम्बर से 23 नवम्बर तक आयोजित होने वाले योग प्रशिक्षण कार्यक्रम* के उद्घाटन सत्र का आयोजन आज किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर अनुराग श्रीवास्तव जी द्वारा की गई। इस अवसर पर ह्क्ष्ष्ट के कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर पुष्पेंद्र त्रिपाठी जी ,संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विनोद कुमार पांडे जी तथा प्रोफेसर अभिषेक कुमार श्रीवास्तव जी , डा.प्रमिला त्रिपाठी मिशन शक्ति कोऑर्डिनेटर सहित डॉक्टर चंद्र सौरभ , डॉ राजन दीक्षित,डॉ रश्मि श्रीवास्तव, डॉक्टर गीता, डॉक्टर प्रतिभा त्रिपाठी, डॉक्टर वी. के. दुबे उपस्थित रहे। आज के योग प्रशिक्षण में श्रीमती कमल पारु जी ने ताड़ासन, कट्टी चक्रासन, वज्रासन, वृक्षासन तथा मंडूकासन का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर सवितुर प्रकाश गंगवार जी द्वारा किया गया। योग प्रशिक्षण में 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

DT STAR JBP INITIATIVE डिजिटल दुनिया का डिजिटल न्यूजपेपर
क्यूआर कोड स्कैन करें और फ्री पाइए डिजिटल कॉपी
हर खबर से रहिए अपडेट
www.dtstar.in
DT दीनार टाइम्स

DT दीनार टाइम्स



# जंक फूड से दूर रहने में है भलाई



जंक फूड से जितना दूर रहोगे उतनी ही आपकी भलाई है. जंक फूड आपके शरीर को कई तरह से नुकसान पहुंचाने का काम करता है. इस बात को आपको अ’छी तरह से समझ लेना चाहिए. जंक फूड आपको बहुत नुकसान करता है. ये आपकी आंतों को नुकसान पहुंचाने के अलावा और भी कई तरह की समस्याएं उत्पन्न करता है. ऐसे में हम लोगों को जंक फूड से ब’चों को भी दूर रखना चाहिए. क्योंकि ये हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक है. समय के साथ-साथ जंक फूड का प्रचलन बढ़ता जा रहा है. एक पुरानी कहावत है कि आप वही हैं जो आप खाते हैं. बहुत से लोग इस पर विश्वास करते हैं वहीं कुछ लोग ऐसे हैं जो कहते हैं कि क्या बकवास है ये? लेकिन हाल ही में एक प्रसिद्ध मनोचिकित्सक ने जो कहा वह निस्संदेह आपको इस लंबे समय से चली आ रही राय पर सोचने पर मजबूर कर देगा. रिसर्च में कहा गया है कि जो लोग डिप्रेशन से जूझ रहे हैं. उन्हें जंक फूड खाना बंद कर देना चाहिए. ऐसा इसलिए क्योंकि जंक फूड खाना मरीजों के लिए काफी ’यादा खतरनाक साबित हो सकता है. आपका पेट ठीक से काम करेगा उसी हिसाब से आपका दिमाग भी स्वस्थ्य रहेगा. अगर आप बहुत ’यादा प्रोसेस्ड और जंक फूड खाते हैं तो आपकी डिप्रेशन काफी ’यादा बढ़ सकती है. न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक रिसर्चर लंबे समय से



डॉ. मनमीत सिंह
सीनियर फिजिशियन

आंत यानी पेट और दिमाग के बीच कनेक्शन को लेकर रिसर्च कर रहे हैं. यह विचार कि आंत और मस्तिष्क लगातार तंत्रिकाओं और रासायनिक संकेतों के एक जटिल नेटवर्क के जरिए काम करते हैं. मस्तिष्क आंत को भोजन के पाचन के लिए तैयार होने का संकेत देता है, जबकि तनाव ऐसे संकेतों को ट्रिगर कर सकता है जो मतली या दस्त जैसे जठरांत्र संबंधी लक्षणों का कारण बनते हैं. हमारे पाचन तंत्र में बैक्टीरिया, वायरस और कवक का संग्रह... ऐसे रसायन पैदा करता है जो मस्तिष्क के कार्य को प्रभावित कर सकते हैं और मूड को प्रभावित कर सकते हैं.नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार जंक फूड खाने से सेहत पर कई बुरा असर पड़ता है. इसके कारण मोटापा, टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग, पाचन संबंधी समस्याएं, उ’च रक्तचाप और अवसाद शामिल हैं. अगर सही मायने में देखा जाए तो जंक फूड से सभी को दूर रहना चाहिए. जिससे कि आपकी समस्याएं दूर हो सकें. ऐसे में हम लोगों को जंक फूड से दूर रहना चाहिए.

अपनी राय हमें जरुर दीजिए....
dinartimesnews@gmail.com

संस्थापिकाः स्वर्गीय सियारानी जी, सहसंस्थापकः लवी, संपादकः मनोज खरे, स्थानीय संपादकः प्रदीप कुमार त्रिपाठी प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी मनोज के लिए दीनार आफसेट प्रिंटर्स 43/168 ए, चौक कानपुर से मुद्रित तथा दीनार टाइम्स ऑफिस 118/207 ए कौशलपुरी, कानपुर 208012 से प्रकाशित.
हेड ऑफिसः सिटी सेंटर, सेकेंड फ्लोर, 222 द माल रोड कानपुर, दिल्ली आफिसः नेहरू पैलेस EMAIL:dinartimesnews@gmail.com, OFF: 0512-2979962, RNI NO-UPHIN/2000/01446
समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे. लीगल एडवाइजर- धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व डीजीसी

DT दीनार टाइम्स








# शम्सी स्पोर्टिंग क्लब, स्मेशर्स, पॉवर हिटर्स और शम्सी स्पोर्टिंग ने शानदार मैच जीता

डीटीएनएन। कानपुर

पहला मैच शम्सी स्पोर्टिंग क्लब और शम्सी नाइट राइडर्स के बीच राहुल सप्रू बी ग्राउंड में खेला गया शम्सी नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया शम्सी स्पोर्टिंग क्लब ने 25 ओवर में 7 विकेट खोकर 235 रन बनाए दूसरी इनिंग में शम्सी नाइट राइडर्स 13.5 ओवर में ऑल आउट होकर 90 रन बनाए शम्सी स्पोर्टिंग क्लब ने 145 रनों से मैच जीता मैन ऑफ द मैच जियाउद्दीन अशरफ को मिला जिन्होंने 82 रन बनाए व 4 विकेट लिया।

दूसरा मैच शम्सी शम्सी स्पोर्टिंग और शम्सी सुपर ब्लास्टर के बीच शम्सी स्पोर्टिंग ग्राउंड में खेला गया शम्सी स्पोर्टिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया शम्सी सुपर ब्लास्टर ने 24.2 ओवर में ऑल आउट होकर 161 रन बनाए दूसरी इनिंग में शम्सी स्पोर्टिंग ने 21.1 ओवर में 163 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीता मैन ऑफ द मैच नासिर इकबाल को मिला जिन्होंने 28 रन बनाए व 4 विकेट लिया







तीसरा मैच शम्सी स्मेशर्स और शम्सी सुपर किंग्स के बीच मदर टेरेसा ग्राउंड में खेला गया शम्सी स्मेशर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया शम्सी स्मेशर्स ने 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 205 रन बनाए दूसरी इनिंग में शम्सी सुपर किंग्स ने 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 186 रन बनाए शम्सी स्मेशर्स ने 19 रनों से मैच जीता मैन ऑफ द मैच अफ्फान को मिला जिन्होंने 34 रन बनाए व 2 विकेट लिया।

चौथा मैच शम्सी रेंजर्स और शम्सी पॉवर हिटर्स के बीच सी आई अस एफ पनकी ग्राउंड में खेला गया शम्सी रेंजर्स ने टॉस जीतकर गेंदबाज़ी का फैसला लिया शम्सी पॉवर हिटर्स ने 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 219 रन बनाए दूसरी इनिंग में शम्सी रेंजर्स ने 25 ओवर में 6 विकेट खोकर 199 रन बनाए शम्सी पॉवर हिटर्स ने 20 रनों से मैच जीता मैन ऑफ द मैच शाहबाज को मिला जिन्होंने 79 रन बना।

DT दीनार टाइम्स





लोक सेवक मण्डल द्वारा लाला लाजपत राय जी को बलिदान दिवस पर किया याद

# लाला लाजपतराय स्मृति सम्मान से नवाजे गये 'अनूप शुक्ल'

डी टी एन एन,कानपुर

लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित लोक सेवक मण्डल,कानपुर द्वारा लाला लाजपत राय जी के 96वे बलिदान दिवस के अवसर पर 卐लाला लाजपत राय स्मृति सम्मान卐 अनूप कुमार शुक्ल को प्रदान किया गया ।खलासी लाइन्स कानपुर में स्थित लोक सेवक मण्डल परिसर में लाला लाजपत राय जी की प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण के साथ लाला जी के बलिदान और कार्यों का उल्लेख कर श्रद्धांजलि दी गई ।डॉ शिवकुमार दीक्षित ने लाला जी के साहित्य का जिक्र करते हुए कहा कि उससे समाज को शिक्षा लेने की आवश्यकता है ।डॉ बी एन सिंह ने कहा कि लाला लाजपत राय जी लाल बाल पाल की त्रयी में उर्ध्व स्थान पर रहे ।डॉ विनोद त्रिपाठी जी ने कहा कि लाला जी के व्याख्यान और उनमें दिए गए संदेश आज भी प्रासंगिक हैं । रामकिशोर बाजपेयी जी ने लाला जी के साहित्य पर शीघ्र ही वांग्मय आने की सूचना दी ।

अनूप कुमार शुक्ल ने कहा कि लाला जी कानपुर के सन्त भगवान देवात्मा से प्रभावित थे वह कानपुर चुन्नीलाल गर्ग के चुनाव, हिन्दू अनाथालय और कानपुर मजदूर सभा के शिलान्यास कार्यक्रमों में पधारे थे ।दीपक मालवीय जी ने लोक सेवक मण्डल के कार्यों पर प्रकाश डाला ।इसके बाद अनूप कुमार शुक्ल को लाला लाजपत राय स्मृति सम्मान दिया गया । कार्यक्रम में देव कबीर, भूधरनारायण मिश्र, अतहर नईम, डॉ जीतेन्द्र सिंह, महेश शर्मा, हर्षित सिंह, कुणाल सिंह डॉ सन्तोष शुक्ला नौशाद आलम मंसूरी आदि मौजूद रहे ।








# लाला लाजपतराय स्मृति सम्मान से नवाजे गये 'अनूप शुक्ल'







DT दीनार टाइम्स कानपुर न्यूज



# अठारह नवम्बर से पहली जनवरी तक कई देवी-देवताओं के नाम यज्ञ

डी टी एन एन। अयोध्या

राम की नगरी में अपनी तरह से पूरी तरह भिन्न महायज्ञ होने जा रहा है। एक तो यह डेढ़ महीने (अठारह नवम्बर से पहली जनवरी)तक चलेगा, दूजे जिस राम यन्त्रम का सान्निध्य रहेगा उसका जुड़ाव राजा दसरथ के समय का है। तीसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि पूरे देश से एकत्रित 1200 वैदिक ऋत्विक इसे सम्पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न कराएंगे। श्रीराम यन्त्रम को लेकर सज्जित रथ आज अयोध्या पहुंच रहा है। यह गुप्तारघाट और जहां पुत्रेष्टि यज्ञ हुआ था उस मखभूमि (वर्तमान नाम-मखौड़ा) जाएगा। प्रभु श्रीराम की कुल देवी बड़ी देवकाली (मान्यतानुसार मां कामाक्षी का अवतार) के मन्दिर पर देर शाम श्रीराम यन्त्रम रथयात्रा पहुंच गई। कारसेवक पुरम में कल 18 नवम्बर से प्रारम्भ हो रहे इस महायज्ञ के मुख्य समन्वयक डी.एस.एन.मूर्ति ने बताया कि वैदिक ग्रन्थों के अनुसार ऋषि दुर्वासा ने दक्षिण में श्रीराम यन्त्रम की स्थापना की थी। पुत्र न होने से चिन्तित राजा दसरथ विद्वत्जनों के सुझाने पर कांची में



श्रीराम यन्त्रम की पूजा करने गए थे। इसके बाद ही उन्होंने पुत्रेष्टि यज्ञ का विधान किया था। श्री मूर्ति के अनुसार मार्कण्डेय पुराण में इसका उल्लेख है। श्री मूर्ति बताते हैं की बीते अगस्त में देवी मां ने मन्दिर के मुख्य अर्चक सुरेश शास्त्री को रात में सोते समय प्रेरणा दी कि महायज्ञ करके श्री राम यन्त्रम की स्थापना अयोध्या में की जाय। तभी से इस दिशा में काम आरम्भ कर दिया गया था। डेढ़ महीने के लिए एक बड़ी जगह की आवश्यकता थी। बहुत सारे लोगों के लिए जाड़े में रहने खाने का इंतजाम करना था। सो श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय जी से श्री मूर्ति की चर्चा होने के बाद कारसेवक पुरम में आयोजन पर सहमति बनी थी। श्री मूर्ति ने बताया कि उपरोक्त देवी-देवताओं के नाम पर होने वाला महायज्ञ आध्यात्मिक रूप से पूरे विश्व के लिए हितकारी है। समन्वयक के अनुसार 150 किलो भार का स्वर्णमड़ित श्रीराम यन्त्रम श्री कांचीपुरम मठ के मुख्यालय में स्थापित प्राचीन यन्त्र के आधार पर तैयार किया गया है। तिरुपति से अयोध्या तक दो हजार किलोमीटर इसे भव्य रथयात्रा के माध्यम से लाया जा रहा है। भगवान वेंकटेश्वर तिरुपति के पवित्र स्थान से कांची कामकोटि पीठ के सत्तरवें शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती ने श्रीराम यन्त्रम रथयात्रा का शुभारंभ कराया। नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक भी यात्रा में पहुंचे। आयोजकों के अनुसार डॉ भागवत ने अयोध्या आने की भी बात कही है। रथयात्रा पांच राज्यों से होकर अयोध्या पहुंची है। कारसेवक पुरम में आयोजन सम्बन्धी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।





# अठारह नवम्बर से पहली जनवरी तक कई देवी-देवताओं के नाम यज्ञ









# अठारह नवम्बर से पहली जनवरी तक कई देवी-देवताओं के नाम यज्ञ











# पैराशूट उत्पादन में जीआईएल की नई छलांग

पी-7 हैवी ड्राप पैराशूट सिस्टम का ओपीएफ को बल्क आर्डर ,एएचएसपी डीजीक्यूए को स्थानांतरित

डीटीएनएन । कानपुर
विभिन्न प्रकार के पैराशूट उत्पादन में अग्रणी डीपीएसयू ग्लाइडर्स इण्डिया लिमिटेड (जीआईएल) ने पैराशूट उत्पादन के क्षेत्र में नई छलांग लगाकर नए स्वर्णिम अध्याय जोड़े हैं। संगठन ने पी-7 हैवी ड्राप पैराशूट सिस्टम को सफलता के साथ तैयार कर लिया है, जिसे सभी मानकों पर खरा पाये जाने के बाद 146 पैराशूट बनाने का बल्क आर्डर भी प्राप्त हो गया है। यह पैराशूट सिस्टम आईएल-76 विमान से चार किमी की ऊंचाई पर 9.5 टन तक के पेलोड को सुरक्षित रूप से गिराने में सक्षम है। गत 11 नवंबर को नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ भवन में आयोजित समारोह के दौरान इस पी-7 पैराशूट सिस्टम के एएचएसपी (अथारिटी होल्डिंग सील्ड पार्टिकुलर्स) को डीआरडीओ के संगठन एडीआरडीई आगरा द्वारा गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीक्यूए) को सौंप दिया गया। इस समारोह में रक्षा अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डा. समीर वी. कामत, डीजी (पीसी एंड एसआई) डा. चंद्रिका कौशिक, एडीआरडीई के निदेशक डा. मनोज कुमार, जीआईएल के सीएमडी सुनील दाते, सीक्यूए टीएंडसी के कंट्रोलर ब्रिगेडियर टी. रजनीश तथा ओपीएफ के महाप्रबंधक एम.सी. बालासुब्रमणियम समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। डीआरडीओ के संगठन एडीआरडीई, आगरा द्वारा पी-7 पैराशूट सिस्टम को सफलतापूर्वक डिजाइन एवं विकसित किया गया है। जीआईएल की एकमात्र इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी (ओपीएफ) ने इस पैराशूट सिस्टम को बनाकर तैयार किया है, जो आईएल-76 विमान से चार किलोमीटर की ऊंचाई पर 9.5 टन तक के पेलोड को सुरक्षित रूप से गिराने में सक्षम है। इस प्रणाली ने जनरल स्टाफ मूल्यांकन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और इसे सेवाओं में भी शामिल कर लिया गया है।

महाप्रबंधक एम.सी. बालासुब्रमणियम ने इस सफलता के लिए टीम जीआईएल को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना इस प्रणाली के साथ हवाई ड्रापिंग करके सीमा और संघर्ष क्षेत्रों में अपनी लाइट फील्ड गन और जीप को तेजी से तैनात कर सकती है। पी-7 हैवी ड्राप पैराशूट सिस्टम की आपूर्ति के लिए जीआईएल (ओपीएफ) को बल्क आर्डर प्राप्त हो चुका है और इसके उत्पादन को लेकर पूरी टीम पूर्ण मनोयोग से जुटी हुई है, जिसे हम सफलतापूर्वक पूरा कर लेंगे।





# कैबिनेट मंत्री ने किया विश्नोई हॉस्पिटल का उद्धघाटन



डीटीएनएन। कानपुर

नवाबगंज स्थित विष्णुपुरी मे विश्नोई हॉस्पिटल का उद्घाटन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। यह अस्पताल कानपुर में चिकित्सा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत करेगा। अस्पताल में आधुनिक तकनीकों और नवीनतम उपचार पद्धतियों को अपनाया गया है। डिजिटल चिकित्सा ऑल बेस्ड ट्रीटमेनेट में अति आधुनिक तकनीक द्वारा इलाज की सुविधा पहली बार कानपुर एवं उत्तर प्रदेश में उपलब्ध कराइ गई है इस दौरान अस्पताल के डायरेक्टर

डॉ. मनीष विश्नोई ने मीडिया वार्ता के दौरान बताया कि हमारे नवीन हॉस्पिटल का शुभारंभ माननीय सुरेश खन्ना वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश के कर कमलो द्वारा फीता काटकर किया गया अस्पताल विभिन्न प्रकार के सुविधाएं जैसे डिजिटल दंत चिकित्सा, कॉस्मेटिक चिकित्सा, फेसियल सर्जरी, हेयर ट्रांसप्लांट और प्लास्टिक सर्जरी जैसी सुविधाओं के लिए जाना जाएगा। अस्पताल में डिजिटल और एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपचार पर विशेष ध्यान दिया गया है।

इस मौके पर बस यही कहना चाहूंगा शहर वासियों से की अपना प्यार और विश्वास पहले जैसा कायम रखें और आपके सभी प्रकार की शारीरिक तकलीफों को दूर करने का हम पूर्ण रूप से प्रयास करेंगे इस दौरान कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में नितिन अग्रवाल (राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार), महेश त्रिवेदी (विधायक) अरुण पाठक (एमएलसी), मुरारी लाल अग्रवाल गीता टंडन, महेश विश्नोई, अवध विश्नोई, आशीष बिश्नोई सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।







# जनसंपर्क में सुरेश अवस्थी को मिल रहा समर्थन

डीटीएनएन। कानपुर

दिनभर भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने आज दिन भर सीसामऊ विधानसभा में टेनरी हाता आचार्य नगर में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर नमन करके संपर्क अभियान का प्रारंभ किया । मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे किशन लाल सुदर्शन जय नारायण कुरील राजेंद्र भारती ओम करण ओमी वीरेंद्र गौतम अंकित मिश्रा के साथ कर्नल गंज अखाड़ा बस्ती ईदगाह बस्ती ग्वालटोली बाजार दर्शन पुरवा बस्ती सहित एक दर्जन बस्तियों में सघन संपर्क एवं बस्तियों में बैठक कर मतदान करने के लिए निवेदन किया तो वहीं भाजपा सांसद रमेश अवस्थी ने सकेरा स्टेट में घर घर संपर्क कर और कुंडी खटखटा कर मतदान की अपील की ।

बूथ अध्यक्ष विजय दुबे सोनू सिंह आकाश शुक्ला अनिल दीक्षित अरुण पाल आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सुरेश अवस्थी के लिए घर घर वोट मांगे

सुरेश अवस्थी ने कहा कि अपने अनुसूचित भाइयों के मान सम्मान स्वाभिमान के लिए मैं किसी भी हद तक जाकर आपको मोदी योगी के विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करूंगा मेरा संकल्प है कि मेरी विधानसभा में हर बस्ती का कायाकल्प हो जो विगत कुछ वर्षों से पूर्व के जन प्रतिनिधि द्वारा धर्म के आधार भेदभाव किया गया है आपका आशीर्वाद से अब ऐसा नहीं हो पाएगा ।







# देश में जबतक हिन्दू सुरक्षित है तब तक संविधान सुरक्षित है: सुब्रत पाठक



डीटी एनएन I कानपुर

भारतीय जनता पार्टीय के फायर ब्रांड नेता व कन्नौज के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने सीसामऊ विधान सभा क्षेत्र के चुनावी अभियान के तहत एक जनसंपर्क के दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा जो लोग संविधान को बगल में दाबकर चलते है उनसे पूछना चाहते है कि जब बांग्लादेश में हिन्दुओ पर अत्याचार हो रहा था तो वहाँ थे तब वहाँ का संविधान कहां चला गया जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिन्दुओ के मंदिरों को तोड़ा जा रहा था तब वो कहाँ थे और महिलाओ के साथ दरिंदगी की गयी तब राहुल गाधी व अखिलेश यादव कहाँ थे।सुब्रत पाठक ने कहा की जबतक देश में हिन्दू सुरक्षित है तब तक संविधान सुरक्षित है और तब तक बाबा सहाब के विचार भी जीवित है।जिस दिन देश का हिन्दू कमजोर पडेगा उस दिन बाबा सहाब के विचार कमजोर पडेगें और संविधान भी कमजोर पडेगा उन्होने ने कहा काँग्रेस और समाजवादी



पार्टीय संविधान को समाप्त कर देश में शरिया कानून लाना चाहते है लेकिन जबतक देश में मोदी और प्रदेश में योगी है तब तक इनके मनसूबे पूरे नहीं होगें कार्यक्रम को यूवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री छोटू त्रिपाठी ,नातिन त्रिपाठी आदि ने भी सम्बोधित किया...

**कुछ राजनीतिक दल भारत मे भी शरिया कानून लाना चाहते है: सुब्रत पाठक**






# पुलिस ने गिरफ्तार किए बिरहाना रोड पर चैन लूटने वाले तीन लुटेरे

प्रमुख संवाददाता/दीनार टाइम्स। कानपुर

पूर्वी जोन के कलक्टरगंज थाना क्षेत्र के बिरहाना रोड पर हुई चैन लूट की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुये तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने आज पत्रकार वार्ता करके इस अनावरण के बारे में जानकारी से मीडिया को अवगत कराया।

दस नवबंर को महेन्द्र कुमार शर्मा निवासी - 66/120 कछियाना मोहाल थाना हरवंश मोहाल की लिखित तहरीर पर थाना कलक्टरगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 64/2024 धारा 309(4)/317(2) के अभियुक्तगण की तलाश में अभियुक्त रहमान उर्फ लाला पुत्र मो0 शमी उर्फ शमीम निवासी 261/6 काशीराम कालोनी थाना पनकी, आकाश सिंह पुत्र सोनू सिंह निवासी 260/6 काशीराम कालोनी थाना पनकी और समद खान उर्फ चांद पुत्र हसमत खान निवासी 266/11 काशीराम कालोनी थाना पनकी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तो के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

1. अभियुक्त रहमान उर्फ लाला
मु0अ0सं0 07/2022 धारा 392/411 भादवि थाना काकादेव कानपुर नगर
मु0अ0सं0109/2022 धारा 392/411 भादवि थाना पनकी कानपुर नगर
मु0अ0सं0 64/2024 धारा 309 (4)/317(2) बीएनएस थाना कलक्टरगंज

2. अभियुक्त आकाश सिंह
मु0अ0सं0-24/23 धारा 392/411 भादवि थाना काकादेव कानपुर नगर
मु0अ0सं0-90/23 धारा 25/9 आयुध अधिनियम थाना काकादेव कानपुर नगर
मु0अ0सं0 64/2024 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना कलक्टरगंज

3. अभियुक्त समद खान उर्फ चांद पुत्र हस
मु0अ0सं0 64/2024 धारा 309 (4)/317(2) बीएनएस थाना कलक्टरगंज।

DT STAR
JBP INITIATIVE
डिजिटल दुनिया का डिजिटल न्यूजपेपर
क्यूआर कोड स्कैन करें
और फ्री पाइए डिजिटल कॉपी
www.dtstar.in
हर खबर से रहिए अपडेट
DT दीनार टाइम्स भारत के नाम सिर्फ सच

DT दीनार टाइम्स






# सीसामऊ उपचुनाव मे सुरेश अवस्थी के पक्ष मे की गयीं बालाजी चौराहा पर वृहद जनसभा

डीटीएनएन। कानपुर
सीसामऊ उप चुनाव के चलते जँहा एक और सभी प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर दिन रात मेहनत कर रहे है वही दूसरी और उनके समर्थक भी जगह जगह मीटिंग वा जनसभा कराकर प्रत्याशी का मनोबल ब□ा रहे है... इसी के चलते आज बालाजी मंदिर चौरहे पर एक विशाल जनसभा आहूत की गयीं जिसमे सैंक□ा लोगो ने प्रत्याशी बीजेपी सुरेश अवस्थी के पक्ष मे मतदान करने की शपथ ली वा आने वाली 20 तारी□ को बीजेपी के समर्थन मे वोट करने का वादा किया।

कार्यक्रम मे विशिष्ट अथिति माननीय सांसद श्री रमेश अवस्थी जी ने जनता से बीजेपी के पक्ष मे वोट करने की अपील की वा सुरेश अवस्थी को जीत दिलाने के लिए जनता से अपील की. कार्यक्रम मे विशेष तौर पर सांसद श्री रमेश अवस्थी, विधायक महेश त्रिवेदी, गुरविंदर सिंह छाब□ा,शिवांग मिश्रा(अध्यक्ष युवा मोर्चा),हास्य कलाकार अन्न अवस्थी,पार्षद अलोक पाण्डेय, पार्षद विकास जायसवाल, अभिषेक तिवारी(महामंत्री लायर्स), अलोक दुबे(अप्पू), सौरभ तिवारी, दीपू ठाकुर आदि मौजूद रहे.
कार्यक्रम संयोजक विशाल जायसवाल, अनुराग मिश्रा(ऋषि), बबलू सोनकर, सुनील सोनकर, अभिषेक दुबे, अंकित सोनकर, विक्की पंडित सहित सैंक□ा समर्थको ने जय श्री राम के नारे लगाकर बीजेपी के पक्ष मे वोट अपील की.





# सीसामऊ उपचुनाव मे सुरेश अवस्थी के पक्ष मे की गयीं बालाजी चौराहा पर वृहद जनसभा



DT दीनार टाइम्स





## दिलबाग रोज गार्डन में मनाया गया श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व

# शबद कीर्तन सुन भाव विभोर हो उठी संगत

डीटीएनएन । कानपुर

फजलगंज स्थित दिलबाग रोज गार्डन में रविवार को श्री गुरुनानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया गया। इस दौरान रागी जत्थों ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। भाई गुरुप्रीत सिंह ने सतगुरु नानक प्रगटिया मिटी धुंध जग चानन होआ...धन नानक तेरी वड्डी कमाई... जैसे शबद सुनाए तो संगत भाव विभोर हो उठी। प्रकाश पर्व की शुरुआत रहिरास साहिब के पाठ से हुए।











# अग्रहरि समाज ने किया 51 कन्याओं का भव्य सामूहिक विवाह



डीडीएनएन | कानपुर

अग्रहरि समाज कानपूर महानगर द्वारा आज आनंदपुरी स्तिथ ग्राउंड में भव्य एवं विशाल सामूहिक विवाह का आयोजन का आयोजन किया, जिसमें 51 कन्याओं का विवाह कराया गया, सभी 51 कन्याओं का एक साथ जयमाल हुआ, जयमाल के उपरांत सभी जोड़ों ने 51 अलग अलग बनाये गए मंडप व हवनकुंड में श्रेष्ठ पंडितों एवं आचार्यों की उपस्थित में पुरे विधविधान से मंत्रोचार के साथ हवन किया तथा हर सुख दुःख में जीवन भर एक दूसरे का साथ निभाने के संकल्प के साथ अग्नि के फेरे लिए। समाज के समस्त पदाधिकारियों ने बेहद भावुक माहौल में सभी कन्याओं को हर प्रकार कि जरुरत का घरेलु सामान, वस्त्र, सोने चांदी के आभूषण इत्यादि भेंट कर विधवत विदाई की।

समाज के नगर प्रवक्ता श्री प्रेम चंद्र गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर पुरे प्रदेश से समाज के गणमान्य एवं वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे नगर के सभी जनप्रतिनिधि, व्यापारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर सभी नवविवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद दिया इस अवसर पर समाज के अन्य बहुत से लोगों ने सभी 51 नवविवाहित जोड़ों को विभिन्न प्रकार के उपहार भेटस्वरुप प्रदान किये।

कार्यक्रम स्थल को पुरे साज सज्जा तथा रौशनी के साथ बेहद आकर्षक रूप से सजाया गया था। तथा सभी लोगों के लिए भोजन की बहुत ही उत्तम व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम में लगभग दस हजार लोगों की उपास्थि रही समाज की महिलाओं एवं बच्चो में विशेष जोश एवं उत्साह रहा।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष श्री सत्यप्रकाश गुप्ता (पप्पू), महामंत्री धीरज अग्रहरि, कोषाध्यक्ष उमेश अग्रहरि, स्वामीदीन जी, कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद अग्रहरि बॉर्डर रमाकांत अग्रहरि, कमलेश अग्रहरि, विजय अग्रहरि (बूंदी वाले) हरिओम अग्रहरि (सोनू), सरयू प्रसाद अग्रहरि, शंतशरण अग्रहरि, शिवपूजन जी, राहुल अग्रहरि, हिमांशु अग्रहरि, संजय अंधेरी गली, दिनेश गप्पू, सुनील अग्रहरि घुमनी इत्यादि वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।






# कसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तत्पर रहें: डीसीपी सेंट्रल

प्रमुख संवाददाता/दीनार टाइम्स
कानपुर

आगामी सीसामऊ विधान सभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में पुलिसकर्मियों की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुये पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी ने चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को चुनाव सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। सभी पुलिस कर्मियों को मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने, संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने, और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तत्पर रहने को कहा। बैठक में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, शांति समितियों के सहयोग, तथा आदर्श आचार संहिता के पालन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अपर पुलिस उपायुक्त महेश कुमार, सेन्ट्रल जोन के सहायक पुलिस आयुक्त कर्लनगंज तेजबहादुर सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त सीसामऊ चित्रांशू गौतम, सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक कुमार राहुल, सहायक पुलिस आयुक्त स्वरुपनगर इन्द्र प्रकाश सिंह व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।%

**सीसामऊ विस उपचुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग कराने**






# सुरेश अवस्थी की जीत के लिए भामाशाह सम्मेलन




डीटीएनएन। कानपुर
रविवार स्थान गेंजेस क्लब कानपुर में कानपुर नगर के सर्व वैश्य समाज ने सीसा मऊ प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के श्री सुरेश अवस्थी को अपना समर्थन देकर समाज के लोगों को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की आज गैंजेज क्लब में वैश्य भामाशाह सम्मेलन रखा गया , जिसमें प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी ने वैश्य समाज का आह्वान किया कि मोदी,योगी की डबल इंजन की सरकार ने आतंकवाद गुंडा गर्दी अपराधों पर रोक लगाई ,,राम मंदिर के साथ सनातन व हिंदू समाज की रक्षा की है व्यापारी कल्याण परिषद का की स्थापना की गई उधम को बढ़ाया गया,,हमें भाजपा का समर्थन कर अपने समाज की ताकत दिखानी चाहिए,,श्री नितिन अग्रवाल जी आबकारी मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के प्र महामंत्री एवं बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी विधायक अनूप गुप्ता जी नगर से एमएलसी सलिल बिश्नोई जी एवं जयसवाल समाज से सभा की अध्यक्षता कर रहे हैं श्री शिव कुमार जायसवाल जी एवं कार्यक्रम संयोजक अखिल भारतीय सर्व वैश्य महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता कार्यक्रम आयोजक अजय गुप्ता प्रधान महासचिव वैश्य एकता परिषद नरेश महेश्वरी, सुरेश गुप्ता, विजय अग्रवाल ने समाज के प्रमुख लोगों को बुलाकर चर्चा की कानपुर में किस प्रत्याशी को सीसा मऊ में समर्थन करना चाहिए। समाज के प्रमुख लोगों में श्री विश्वनाथ गुप्ता ,पीसी करेले, कृष्ण कुमार गुप्ता ,अनुराग अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, हरिश्चंद्र गुप्ता ,आनंद गुप्ता, मनोज गुप्ता, विकास जायसवाल ,अमित गुप्ता, नीरज गुप्ता, अमित जायसवाल, अरुण गर्ग ,संदीप जयसवाल, गुरनारायण गुप्ता, धर्म प्रकाश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, नीलम चौरसिया ,श्रीमती चंद्र गुप्ता, अशोक गुप्ता बॉयलर, किशन केसरवानी, देव प्रकाश गुप्ता नन्ही पहलवान, गंगाराम गुप्ता, कपिल गुप्ता, धीरज गुप्ता, अखिलेश गहोई, रविंद्र घुरा अजय मित्तल, आकाश जायसवाल ,कन्हैया भाटिया, उमेश लोहिया, संजय विश्वरी, विकास अग्रवाल, रतन अग्रवाल एड आदि ने सर्वसम्मत से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के लिए मतदान करने के प्रस्ताव पर अपनी मोहर लगाई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री शिवकुमार जायसवाल अजय गुप्ता नरेश माहेश्वरी सुरेश गुप्ता विजय अग्रवाल विकास जायसवाल आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का आयोजन अजय गुप्ता ने एवं कार्यक्रम का संयोजन संचालन संजय गुप्ता ने किया...





# शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक्सरसाइज है जरूरी: विजय कपूर

डीटीएनएन। कानपुर

अच्छा स्वास्थ्य संसार की सबसे बड़ी नेमत है और इस प्रकार के जिम व्यक्ति को स्वस्थ रखने में सहायता करते हैं। 80 फिट रोड, नेहरू नगर स्थित नवीन प्रतिष्ठान 'माई फिटनेस क्लब – यूनिसेक्स जिम' का मुख्य अतिथि विजय कपूर (चेयरमैन कोपेस्टेट) ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। संचालकों द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र पहनाकर और पुष्प-गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और मुख्य अतिथि विजय कपूर ने जिम संचालकों को प्रतिष्ठान के सफल संचालन के लिये आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ प्रमुख रूप से सुशील यादव, असद अली, प्रेम गांधी, विशाल, राकेश गुप्ता, भारत, पापन, मिन्टू सहित बहुत से क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।









# शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक्सरसाइज है जरूरी: विजय कपूर



DT दीनार टाइम्स



# विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा की खास गेस्ट अपीयरेंस




पॉपुलर प्राइमटाइम शो - कुंडली भाग्य अपनी शुरुआत से ही दर्शकों को टीवी स्क्रीन से बांधे हुए है। बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा निर्मित इस शो में श्रद्धा आर्य (प्रीता), शक्ति आनंद (करण), मनित जौरा (ऋषभ), पारस कलनावत (राजवीर), अद्रिजा रॉय (पलकी), शनाया (शालिनी महल) और बसीर अली (शौर्य) जैसे चर्चित कलाकार नज़र आ रहे हैं। इस शो के एक खास क्रॉसओवर एपिसोड में दर्शकों को फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' के कलाकारों के साथ एक अनोखा सिनेमाई ट्विस्ट देखने को मिलेगा। इस एपिसोड में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' के विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा एक खास गेस्ट अपीयरेंस में नज़र आएंगे, जब लूथरा परिवार दोनों बहनों पलकी और शनाया की मेहंदी की रस्म में व्यस्त होगा। इस एपिसोड में राशि खन्ना पलकी की दोस्त के रूप में नजर आएंगी, जबकि रिद्धि डोगरा शौर्य की कॉलेज बैचमेट बनकर इस समारोह में रंग जमाएंगी। इसके साथ ही, विक्रांत मैसी की दमदार मौजूदगी और उनकी परफॉर्मेंस सबको मोहित कर देगी। यहां तक कि ऑफ-स्क्रीन भी उन्होंने पूरी कास्ट और क्रू को, खास तौर पर पारस कलनावत को बेहद प्रभावित किया। यह पूरा सीक्वेंस दर्शकों के लिए बेहद खास और मनोरंजक होने वाला है।

पारस कलनावत ने कहा, ''विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा के साथ शूट करना मास्टर्स के साथ काम करने जैसा था - एक ऐसा अनुभव जो हमेशा मेरे साथ रहेगा। विक्रांत की विनम्रता और सादगी ने मुझे बहुत प्रभावित किया; वो टैलेंट के पावरहाउस होने के बावजूद जमीन से जुड़े हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' और 'कुंडली भाग्य' का यह क्रॉसओवर सिर्फ एक स्पेशल अपीयरेंस नहीं है;
यह एक ऐसा दिलचस्प एपिसोड है, जो दर्शकों को रोमांचित कर देगा! ये पल दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाले हैं, और में उस वक्त का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं जब दर्शक इस अनोखे ट्विस्ट को देखेंगे, जो कहानी में एक नया मोड़ लाएगा।''





Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT

DT दीनार टाइम्स



# इन दिनों इसलिये बाजारों में इफरात में है अमरुद




प्रमुख संवाददाता/दीनार टाइम्स।
कानपुर

बदलते मौसम के अनुसार तापमान में गिरावट न आने से अमरुद की फसल प्रभावित हुई है। हाल यह है कि मौसमी चक्र के अनुसार ठंड न पड़ने से अमरुद जल्द ही बड़ा होने के साथ ही पक भी जा रहा है। अमरुद की ज्यादा पैदावारी होने और खपत कम होने से किसान को आर्थिक रुप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। सीएसए के मौसम विभाग का कहना है कि दिसंबर से तापमान में गिरावट आने के बाद अमरुद समेत अन्य फलों की फसल को फायदा मिलेगा।

फुटकर बाजार में साठ रुपये प्रति किलों की दर से बिकने वाला अमरुद इन दिनों ज्यादा से ज्यादा 40 रुपये प्रति किलों की दर से बिक रहा है। गर्मी के चलते जल्दी पक जाने के कारण अमरुद शहर से दूसरे शहरों में भी नहीं जा पा रहा है। बता दें कि कानपुर में बिठूर से लेकर शुक्लागंज तक अमरुद की बेल्ट है। यहां की अमरुद की आपूर्ति दिल्ली, नोएडा, गुड़गांव कई अन्य शहरों में होती है लेकिन गर्मी की वजह से अमरुद के ज्यादा पक जाने के कारण यह फल दूसरें शहरों में नहीं जा पा रहा है। इस कारण शहर के बाजारों में अमरुद की आमद मांग से ज्यादा बढ़ गई है। अमरुद की आढ़ती हरीश चंद्र का कहना है कि अमरुद का रेट थोक बाजार में पिछले सालों की तुलना में इस बार काफी कम है। इससे किसान को लाभ नहीं मिल पा रहा है। सस्ते रेट पर अमरुद बेचना मजबूरी बन गया है। यही कारण है कि इन दिनों 60 रुपये प्रति किलों की दर से फुटकर बाजार में बिकने वाला अमरुद 40 रुपये प्रति किलों के आसपास बिक रहा है।

सीएसए के मौसम विभाग के प्रमुख डा. एसएन पांडेय कहते हैं कि दिसंबर में तापमान में गिरावट



आयेगी तभी अमरुद व अन्य फलों का उत्पादन मौसम के अनुसार हो पायेगा। हालाकि इस मौसम का रवी की फसलों को मिल रहा है। डा पांडेय ने कहा कि 20 नवंबर के बाद उत्तर प्रदेश, उतराखंड व हिमांचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में बादलों का छाना शुरु हो जायेगा और मौसम का तापमान गिरने लगेगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबली क्लाइमेट चेंज होने के कारण मौसम एक महीने आगे खिसकते जा रहे हैं।

**अमरुद तापमान में गिरावट न आने से जल्दी पक रहा है**

**अमरुद किसानों की आय पर पड़ रहा है भारी असर**

**सर्दी न होने से उत्पादन ज्यादा और बिकवाली बेहद कम**






# ग्रीन पार्क को देखकर भावविभोर हुये स्कूली बच्चे

डीटीएनएन। कानपुर
अंतराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त ग्रीन पार्क को देखकर स्कूली बच्चे भावविभोर हो गये। स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल के बच्चे आज सुबह कानपुर दर्शन अभियान के तहत ग्रीन पार्क स्टेडियम को देखने के लिये शिक्षकों के साथ आये। बच्चों को ग्रीन पार्क के विजिटर्स गैलरी की भ्रमण कराया गया। यहां पर बच्चों ने ग्रीन पार्क इतिहास, यहां की खासियत और यहां पर बने रिकाड्स के बारे में जाना। उन्होनें यहां पर संजाये गये क्रिकेट स्मारकों का अवलोकन किया। इनमें से ज्यादातर बच्चे पहली बार ग्रीन पार्क आये थे।






# ग्रीन पार्क को देखकर भावविभोर हुये स्कूली बच्चे



देश का नं. 1 डिजिटल न्यूजपेपर




Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT

# अपना बूथ, सबसे मजबूत

आज दिनाँक 17 नवंबर 2024 रविवार सायं 4 बजे सेक्टर 03 गवर्नमेंट टेक्सटाइल इंस्टीटयूट की बैठक सृष्टी अपार्टमेंट में आयोजित हुयी जिसमें मतदान हेतु बस्ता वितरण का काम सम्पूर्ण हुआ इस योजना में विधायक सुरेंद्र मैथानी जी,विधायक आर पी कुशवाहा जी,जिला महामंत्री राजू शर्मा,दीपक सिंह,अंकित तिवारी,डा नीना अवस्थी,किशन साहू,सुभेन्दू साहू,गौरव मुखर्जी,अर्नव साहू,लखन गुप्ता,स्नेहलता दिक्षित,विस्तारक अनिल जी,तथा विनोद शुक्ल पूर्व जिलाध्यक्ष सेक्टर संयोजक बैठक की योजना को मूर्त रूप दिया अबकीबार सुरेश अवस्थी अपना बूथ सबसे मजबूत।



# चोरों ने घर में घुस पार किये लाखों के जवेरात, नगदी, पुलिस की रात्रि गश्त की खुली पोल

डीटी एनएन शुक्लागंज

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपा पुरवा मोहल्ले में बीती देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया और घर में बने खिड़की के रास्ते से घुसकर अलमारी तोड़ते हुए लाखों रुपए की जेवरात और नगदी पार कर दी। सुबह घटना की जानकारी हुई तो सूचना गंगा घाट पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस नवजांच पड़ताल कर घटना का जल्द खुलासा करने का दावा किया है।



जानकारी के अनुसार चम्पापुरवा मोहल्ले के रहने वाले मनोज पुत्र बंशीलाल निषाद कानपुर के एक होटल में काम करते हैं ससुराल में आगामी चौबीस नवम्बर को शादी होने के चलते पत्नी लक्ष्मी मायके चली गई। उधर मनोज जी होटल में काम करता है वहां काम अधिक होने की वजह से पिछले दो दिनों से वही रुक रहा था। इसी बीच चोरों ने घर को निशाना बनाया और कमरे में खिड़की के रास्ते पर लगी पन्नी को हटाते हुए घुस गए और कमरे में रखी अलमारी को तोड़कर पायल झुमकी बिछिया तोड़िया नागड़ी और आर्टिफिशियल हार समेत लाखों का अन्य कीमती चीज चोरी कर ले गए। सुबह मनोज को घटना की जानकारी हुई उसने जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पश्चिमी चौकी इंचार्ज अंजनी सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने घटना को लेकर मनोज से पूछताछ की है और जांच पड़ताल की है। चौकी इंचार्ज में दावा किया है कि घटना हुई है लेकिन खुलासे के लिए एक टीम का गठन किया गया है जल्दी सफलता मिलेगी।




Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT




# अकबरपुर में 1 से 4 दिसंबर तक होगा गायत्री महायज्ञ

डीटी एनएन। रूरा
शान्तिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कन्हैया नगर अकबरपुर कानपुर देहात में 1 से 4 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहा है। दैवीय चेतना के संरक्षण हेतु शक्ति कलश शान्तिकुंज हरिद्वार से यज्ञ स्थल कानपुर देहात में स्थापित किया गया। कार्यक्रम संयोजक मोहित कुमार ने बताया कि सभी यज्ञीय कार्य शक्ति कलश के साक्षी में संपन्न किए जाएंगे । इस यज्ञ का उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण करना है।

# साल भीतर उखड़ गया खड़ंजा, गड्ढों में तब्दील

डीटीएनएन ।कानपुर देहात
एक ओर राज्य की योगी सरकार गांव में विकास को लेकर संजीदा है वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत के अधिकारी विकास को लेकर ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है। ताजा मामला सरवनखेड़ा ब्लॉक के जलालपुर गांव में देखने को मिला है। जहां गांव से गौशाला के लिए खड़ंजा डाला गया था, जिसका निर्माण मनरेगा योजना के तहत किया गया, लेकिन खड़ंजा बिछाए हुए अभी एक साल भी नहीं हुआ खड़ंजा पैदल चलने लायक भी नहीं बचा।

मनरेगा के तहत हुआ काम

सरवन खेड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत जलालपुर नागिन में गौशाला तक पहुंच मार्ग को दुरुस्त करने के लिए पिछले वर्ष मनरेगा योजना से खड़ंजा काम कराया गया था। लेकिन कारंजा निर्माण में मानकों की अनदेखी से पहली बरसात में भी सड़क की मिट्टी इधर-उधर बह गई और खड़ंजे की ईंट में दरार आ गई। इससे बदहाल खड़ंजा





मार्ग पर चलना लोगों के लिए मुसीबत भरा सफर हो गया है। कलौंजी के दोनों तरफ के साइड टूट कर छटग्रस्त हो चुकी है तो ईंट भी बिखरने लगी है। लेकिन पंचायत के लोग इसकी मरम्मत के प्रति संजीदा नहीं दिख रहे हैं वही खरंजा निर्माण में व्यापक पैमाने पर की गई अनियमितता की भी पोल खुल रही है।

वित्तीय गड़बड़ी की आशंका

जिस तरह से खड़ंजा निर्माण किया गया है और अभी जो धरातल पर दिख रहा है उसमें वित्तीय गड़बड़ी की आशंका है, खड़ंजा बिछाने में गुणवत्ता विहीन ईंट कंपोज किया गया है। गांव के लोगों ने बताया कि किसके साथ ही गांव की अन्य सड़कों के भी हाल बेहाल है गांव की नालियां टूटी पड़ी है ग्रामीणों ने बताया कि इस खड़ंजा बिछाने का पूरा भुगतान भी किया जा चुका है और निर्माण सामग्री भी घटिया इस्तेमाल की गई, इस वजह से खड़ंजा 6 माह भी नहीं चल पाया।

ग्राम सचिव खुशबू श्रीवास्तव ने बताया कि अभी हाल ही में ग्राम पंचायत का प्रभार मिला है खड़ंजा का निर्माण पूर्ण के सचिव के द्वारा कराया गया जगह-जगह बिखर गया यह हमने देखा है जल्द ही इसकी मरम्मत कराई जाएगी।





# संजय सिंह ने किया मंत्री का स्वागत और अभिनन्दन....

**डीटीएनएन । कानपुर**
देश के जाने-माने वकील और हाई कोर्ट के अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता संजय सिंह के आवास पर प्रदेश के मंत्री नितिन अग्रवाल रविवार को पहुंचे... इस मौके पर उन्होंने प्रबुद्ध जनों के साथ मीटिंग करके सीसामऊ विधानसभा में सुरेश अवस्थी की जीत के लिए सभी से आवाहन किया... इस मौके पर सभी ने एक सर से सुरेश अवस्थी की जीत की हुंकार भरी... इस मौके पर संजय सिंह ने कहा किसुरेश अवस्थी की जीत पक्की है... इस अवसर पर प्रदेश के मंत्री का जोरदार स्वागत अभिनंदन भी किया गया...





# ठेकेदार की लापरवाही से झींझक नहरपुल क्षतिग्रस्त

**समानांतर पुल निर्माण के दौरान मिट्टी खुदाई से पुराना पुल का पिलर हुआ क्षतिग्रस्त**

**ठेकेदार की लापरवाही से झींझक रसूलाबाद मार्ग पर आवागमन ठप**



डीटी एनएन। कानपुर देहात

कस्बा झींझक में लोक निर्माण विभाग द्वारा नहर पुल पर नये पुल के निर्माण का ठेका एक प्राइवेट ठेकेदार को दिया गया है निर्माण कार्य भी चालू है लेकिन बताया गया है कि ठेकेदार निर्माण कार्य नियमों को ताक पर रखकर कर रहा है सुरक्षा उपकरणों के बिना ही अपने मनमाने तरीके से किसी भी जगह पुल के नाम पर मिट्टी की खुदाई करके डाल देता है।

खुदाई के दौरान इतियातन को सुरक्षा व्यवस्था नहीं की जाती है सिचाई विभाग के पुराने पुल के ठीक बगल में लोक निर्माण विभाग द्वारा नया पुल बनाया जा रहा है लेकिन ठेकेदार ने पुराने पुल को कोई नुकसान न हो पाये इसके लिये कोई जरूरी उपाय नहीं किये और पुकलैन्ड से पिलर के लिए मिट्टी खुदाई करना चालू कर दिया अति अधिक मिटटी खुदाई से पुराने पुल का पिलर क्षतिग्रस्त हो गया और पुल एक तरफ धस गया इससे मुल गिरने का खतरा बढ गया है ठेकेदार की लापरवाही से पुराने पुल से आवागमन ठप हो गया जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा ठेकेदार की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग करते हुये अजय प्रताप सिंह, विश्वनाथ सिंह, राहुल गुप्ता,पार्षद विपिन दीक्षित, धर्मेंद्र सिंह, आदि ने ठेकेदार पर भारक जुर्माना लगाने की बात की है।

इस सन्दर्भ में सिचाई विभाग के जेई के पी सिंह ने बताया की पी डब्लू डी को नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है इसके बाद ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।






TULSI HOSPITALS INDIA LTD
sehat ka bharosa

- जनरल मेडिसिन (फिजिशियन)
- जनरल सर्जरी
- हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
- स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- शिशु एवं बाल रोग
- छाती एवं छय रोग
- गैस्ट्रो एवं लिवर रोग
- नेफ्रोलॉजी (गुर्दा रोग)
- न्यूरोलॉजी (मष्तिष्क रोग)
- ऑन्कोलॉजी (कैंसर रोग)
- यूरोलॉजी (मूत्र रोग)
- ई०एन०टी० (नाक,कान,गला)

24 HOURS AVAILABLE

I.C.U
X-RAY
DIALYSIS
N.I.C.U
O.T
TRAUMA
H.D.U
PATHOLOGY
PHARMACY
ULTRA SOUND
BURN UNIT
MEDICO-LEGAL

BLOOD BANK WITH COMPONENT

C.G.H.S | E.C.H.S | E.S.I.C | RAILWAYS | F.C.I | B.S.N.L | U.P.P | AYUSHMAN

24/7 इमरजेंसी 9598060511-512-513

## आज का पंचांग

19 नवंबर 2024
सूर्य उदय - 06:29:41
सूर्यास्त- 17:15:50
अरुण पांडे (गुरुजी)

**मेष ARIES** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
धनार्जन होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी।

**वृषभ TAURUS** (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूंजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन GEMINI** (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)
जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

**कर्क CANCER** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
भौतिक विकास के कार्यों को बल मिलेगा। फालतू खर्च होगा। भागीदारी के प्रस्ताव आएंगे। दिनचर्या नियमित रहेगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है।

**सिंह LEO** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)
प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा।

**कन्या VIRGO** (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
मान बढ़ेगा। मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा।

**तुला LIBRA** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं।

**वृश्चिक SCORPIO** (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी।

**धनु SAGITTARIUS** (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)
उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे।

**मकर CAPRICORN** (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)
धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

**कुंभ AQUARIUS** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)
समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**मीन PISCES** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।



# किराए के भवन में संचालित हो रहा आयुर्वेद अस्पताल

डीटीएनएन। रूरा
क्षेत्र के काशीपुर चिलौली में भी नए भवन का निर्माण कार्य पूरा हुए सालों बीत गए है, लेकिन विभाग द्वारा आज भी अपना अस्पताल किराए के भवन में संचालित कराया जा रहा है।

सरकार के द्वारा आयुर्वेद के प्रति सजग व आमजनमानस को आयुर्वेद के प्रति जोड़ने के लिए लाखों रुपये से नया भवन निर्मित होने के बावजूद किराए के भवन में आयुर्वेद अस्पताल संचालित हो रहा है, कहने को आयुर्वेद अस्पताल हैं लेकिन हालात यह है कि क्षेत्र में आयुर्वेद के सभी अस्पताल गुमनामी के बीच किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। रूरा कस्बा, काशीपुर, चिलौली में आयुर्वेद तथा यूनानी के अस्पताल हैं। ये तीनों अस्पताल किराए के भवन में संचालित होने वाले आयुर्वेद अस्पताल में जगह का अभाव तो बना ही है बल्कि यहां न तो पर्याप्त चिकित्सक है न ही पर्याप्त संसाधन। काशीपुर का आयुर्वेद अस्पताल छोटे से मकान में संचालित हो रहा है।

**अस्पताल परिसर में उग आई घास**
: कस्बा रूरा में भी आयुर्वेद अस्पताल गुमनाम की जिंदगी जी रहा है। चिलौली ग्राम में बने नए अस्पताल परिसर में बड़ी बड़ी घास उग आई है, भवन हैंडओवर ना होने के कारण अस्पताल खड़े खड़े अपना दर्द बता कर रहा है।

**लाखों रुपयों की लागत का बना नया भवन बना शोपीस**



जिला आयुर्वेद अस्पताल के डॉक्टर बृजेश कुमार आर्य ने बताया कि भवन के संबंध में कार्यदायी संस्था से जानकारी की जा रही समस्या के विषय में बात की जायेगी जिससे नए भवन में अस्पताल संचालित हो सके।

# उच्च अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात के नाम पर हुई हजारों रुपये की वसूली

## एक ग्राम सचिव के व्यक्तिगत अकाउंट पर ली गई चंदा की धनराशि

**दीपावली के पर्व पर होली थी शिष्टाचार मुलाकात जवाब देने से कतरा रहे संगठन के पदाधिकारी व अधिकारी**







**डीटी एनएन |कानपुर देहात**

कानपुर देहात में भ्रष्टाचार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम पंचायत में स्वच्छता मिशन ,ग्रीन बोर्ड ,डस्टबिन आपूर्ति कांड के बाद अब दीपावली में उच्चअधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात के नाम पर वसूली की गई है। एक ग्राम पंचायत अधिकारी के व्यक्तिगत अकाउंट में जिले के 38 पंचायत सचिवों से 1000 रुपए प्रति व्यक्ति की वसूली की गई। व्हाट्सएप ग्रुप पर चंदा देने वाले और न देने वाले दोनों तरह के पंचायत सचिवों की अलग-अलग लिस्ट जारी की गई। इससे कानपुर देहात में बड़ा भ्रष्टाचार खुलकर सामने आ रहा है। चंदा लेने वाले लोगों ने दीपावली पर पर अधिकारियों के साथ फोटो खींचकर भी ग्रुप पर शेयर की। जिससे चंदा लेकर अफसर को मिठाई बांटने और उनके घर की दियाली रोशन करने का बात अब आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। हालांकि इस मामले पर अधिकारी कुछ भी कहने से लगातार कतरा रहे हैं लेकिन व्हाट्सएप ग्रुप और गूगल अकाउंट पर लिया गया पेमेंट के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जिस जिले में भ्रष्टाचार की पोल खुल रही है।

कानपुर देहात जनपद लगातार भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में रहता है। कभी स्वच्छता मिशन में का घोटाला तो कभी ग्रीन बोर्ड और कभी डस्टबिन आपूर्ति कांड में और तो कभी झूला आपूर्ति कांड में कानपुर देहात सुर्खियों में रहा है। अब दीपावली में उच्च अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात के नाम पर फिर से हजारों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया। जिले स्तर पर एक संगठन के द्वारा संगठन सदस्यों से अपील करते हुए संदेश प्रसारित किया गया कि दीपावली के पूर्व उच्च अधिकारियों और कार्यालय स्टाफ के साथ शिष्टाचार भेंट करनी है जिसके लिए सभी साथी एक ग्राम पंचायत अधिकारी के क्यूआर कोड पर 1000 रुपए प्रति साथी सहयोग दे। इसके बाद लगातार तीन दिन तक चंदा कलेक्शन का काम किया गया। और चंदा देने वाले तथा न देने वाले दोनों प्रकार की सचिवों की अलग-अलग सूची ग्रुप पर प्रसारित की गई। इससे जनपद के 38 ग्राम सचिवों ने एक ग्राम पंचायत अधिकारी के व्यक्तिगत अकाउंट में चंदे की धनराशि भेजी। दावा किया जा रहा है कि उक्त पैसे उच्च अधिकारियों तक मिठाई के माध्यम से अथवा अन्य तरीके से पहुंचाए गए। लेकिन जिले के अधिकारी इस प्रकरण को सिरे से नकार रहे हैं। जबकि पंचायत सचिव के द्वारा दिए गए धनराशि के स्क्रीनशॉट एवं चंदा मांगने के लिए प्रेषित किया गया संदेश सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। इससे जनपद में दीपावली पर्व को लेकर भ्रष्टाचार का मामला खुलकर सामने आ रहा है।

**बोले जिम्मेदार:** जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल ने बताया कि ग्राम |पंचायत एसोसिशन कानपुर देहात ग्राम पंचायत अधिकारियों का जिले लेवल पर एक संगठन हैं। उपरोक्त संगठन अपने क्रियाकलापों के संचालन हेतु तमाम तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं उस हेतु वो अपने सभी सदस्यों से चंदा भी कलेक्ट करते हैं।

दीपावली सेलिब्रेट के लिए भी संगठन द्वारा चंदा आदि कलेक्ट किया गया होगा जिससे वो आपस में मिठाई और गिफ्ट बांट कर सेलिब्रेट करें।

उपरोक्त वाट्सअप मैसेज में उच्चाधिकारियों को गिफ्ट देने की न्यूज है इस संदर्भ में संगठन से पूर्ण विवरण कलेक्ट कर जांच किया जाएगा कि उन्होंने कितना चंदा कलेक्ट किया और उसका उपयोग कहां कहां किया गया ।लेकिन संदेश में उच्च अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात के नाम पर चंदा वसूल किए जाने के सवाल पर कोई सीधा जवाब नहीं दे सके।

# अराजक तत्वों ने तोड़ी मंदिर की तोड़ी मूर्तियां

## माहौल खराब करने का कुत्सित प्रयास, प्रशासन व ग्रामीणों की सजकता से टला बवाल

डीटीएनएन। रसूलाबाद

रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र पंचायत मुर्रा के मजरा मक्का न निवादा में बने ग्राम समाज के मंदिर में रखी भगवान राम लक्ष्मण सीता व हनुमान जी की मूर्तियों को बीती रात में अराजक तत्वों के तोड़ क्षतिग्रस्त कर दी। जब खटपट की आवाज सुनकर मौके पर पुजारी वीरपाल सिंह भदोरिया ने वहां भाग कर गए और टार्च लगा देखा तो एक युवक मौके भाग निकला। जिसकी सूचना रात्रि में ही 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। वहीं उन्होंने बताया की एक युवा के लोअर टी शर्ट में भागते देखा जिसकी सूचना तिस्ती चौकी इंचार्ज कृपाल सिंह को दी। मंदिर से मूर्तियां तोड़े जाने की सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन कोतवाल रसूलाबाद अनिल कुमार सिंह चौकी प्रभारी कृपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छान बीन में जुटे हुए है। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की और पुजारी वीरपाल सिंह भदोरिया ने सुबह तिस्ती चौकी आकर एक प्रार्थना पत्र अज्ञात के खिलाफ में दिया है।

रसूलाबाद तहसील क्षेत्र के मुर्रा गांव सभा के श्री राम सीता लक्ष्मण की मूर्तियां है और वही वृद्ध आश्रम संचालित है। मंदिर के पुजारी ने आरोप लगाया कि बीती रात में अपने कमरे में आराम कर रहा था तभी किसी अराजक व्यक्ति ने मंदिर में जाकर मूर्तियां तोड़ना शुरु कर दिया। मूर्तियां टूटने की आवाज सुनकर जब वह मौके पर गया तो एक ही वक्त लोअर व टीशर्ट पहनकर भाग खड़ा हुआ इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही रसूलाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई।इधर मंदिर की मूर्तियों की तोड़े जाने की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह से फैल गई जिससे धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए यह किसी अराजक तत्व द्वारा समाज में अव्यवस्था फैलाने का प्रयास किया गया जबकि ग्रामीणों का मानना है कि ग्राम समाज के द्वारा बनवाए गए इस मंदिर में ऐसा नहीं होना चाहिए जिसको लेकर के एक शांत व्यवस्था में आव्यवस्था फैलाई जाने का कुचक्र रचा गया प्रधान पति नरेंद्र व पूतू सिंह के साथ समस्त क्षेत्र वासियों में इस घटना को लेकर नाराजगी व्याप्त है। वही कोतवाल अनिल कुमार ने बताया की अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी और पुलिस छानबीन में जुटी हुई है समाज में ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वह पुलिस की सक्रियता व गांव के संभ्रांत लोगों की सूझबूझ से बवाल नहीं हो सका और गांव में शांति व्यवस्था कायम है। वही गांव में पुलिस तैनात की गई।





Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT






# शोपीस बना रूरा का एमआरएफ सेंटर विद्युत कनेक्शन न होने से संचालन ठप

डीटीएनएन । रूरा कानपुर देहात
सरकारी योजनाओं में लापरवाही से जनता को समय पर उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी की बानगी मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटीज (एमआरएफ) रूरा सेंटर हैं।

शासन ने कूड़ा निस्तारण के लिए सभी नगर पंचायत और पालिका क्षेत्रों में इन्हें बनवाने के निर्देश दिए थे। नगर पंचायत रूरा में एमआरएफ सेंटर बन कर तैयार हो गया पर अंदर लगी मशीनों में विद्युत कनेक्शन प्रवाह के कारण संचालन नहीं हो सका है।

बताते चले तत्कालीन जिलाधिकारी डीएम राकेश कुमार सिंह ने जिले प्रति सेंटर का निर्माण 33 लाख 50 हजार रुपये की लागत से कराये जाने को मंजूरी दी थी । एमआरएफ सेंटर बनने के बाद निकायों से निकलने वाला कूड़ा वहां पर डंप किया जाएगा। फिर सूखे व गीले कूड़े को मशीनों के जरिये अलग-अलग कर निस्तारित किया जाएगा। सेंटर बनने से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने जैसी घटनाओं पर भी विराम लगेगा।

**रोड किनारे डंप हो रहा कूड़ा:** नगर से प्रतिदिन निकलने वाला कूड़ा कचरा कस्बा के बाहर सड़कों के किनारे डाला जा रहा है। धनीरामपुर गांव के बाहर झीझक रूरा मार्ग समेत अकबरपुर रोड में बंबा के आगे कूड़ा एकत्रित हो गया है वहां हर समय भीषण दुर्गंध बनी रहती है जो न केवल राहगीरों को परेशान करती है बल्कि इस अव्यवस्था से शासन के स्वच्छता अभियान पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## बोले जिम्मेदार

नगर पंचायत का एमआरएफ सेंटर लगभग बनकर तैयार है विद्युत तारों का का मशीनों तक तार खींचने आदि का कार्य चल रहा है बहुत जल्द संचालित हो जायेगा।

**मनीष कुमार,** अधिशाषी अधिकारी रूरा




